तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 गौठान में गौमाता पर अत्याचार का आरोप, सौंपा...


13 प्रतिमा अनावरण के साथ मनाया जाएगा...


## जनगणना 2026 : 1 मई से शुरू होगा डोर-टू-डोर सर्वे

# डिजिटल जनगणना 2026 की तैयारियां तेज, हर परिवार से पूछे जाएंगे 33 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में जनगणना 2026 को लेकर प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। हाउस लिस्टिंग का कार्य प्रारंभ हो चुका है और गणनाकर्ताओं को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इस बार की जनगणना कई मायनों में खास होगी, क्योंकि पहली बार इसे डिजिटल माध्यम से भी संचालित किया जाएगा। 1 मई से शुरू होने वाली इस प्रक्रिया में जिलेभर में डोर-टू-डोर सर्वे किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक परिवार से कुल 33 प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार जिले में करीब 2 हजार से अधिक सरकारी कर्मचारियों की तैनाती जनगणना कार्य में की जाएगी, जबकि कुल मिलाकर 4 हजार से अधिक गणनाकर्ता विभिन्न चरणों में सक्रिय रहेंगे। जिले में लगभग 2 लाख घरों की जियो टैगिंग कर मैपिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि सर्वे कार्य को व्यवस्थित और सटीक बनाया जा सके। जनगणना का पहला चरण 1 मई से 14 जून तक चलेगा, जिसमें मकान गणना (हाउस लिस्टिंग) की जाएगी। इसके तहत घरों की संरचना, सुविधाएं और संसाधनों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या संबंधी विस्तृत आंकड़े जुटाए जाएंगे। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पूरी की जाएगी। इस बार जनगणना में नागरिकों से जीवन स्तर और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी ली जाएगी। सवालों में घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई सामग्री से लेकर घर में उपलब्ध संसाधनों तक की जानकारी शामिल है। इसके अलावा परिवार के सदस्यों की संख्या, विवाहित जोड़ों की संख्या, मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (एससी/एसटी/अन्य) जैसी जानकारियां भी दर्ज की जाएंगी।

■ जियो टैगिंग से हो रही मकानों की मैपिंग

**विवाहित जोड़े, फोन नंबर भी पूछेंगे-** जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 33 सवालों में कई तरह के सवाल शामिल हैं। इनमें आपसे पूछा जाएगा कि घर में विवाहित जोड़े कितने हैं। रसोई व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना बनाने में मुख्य ईंधन, रेडियो, टीवी, इंटरनेट तक पहुंच, लैपटॉप-कम्प्यूटर, मोबाइल-स्मार्टफोन टेलीफोन, साइकिल-स्कूटर-बाइक मोपेड, कार-जीप-वैन, मुख्य रूप से खाया जाने वाला अनाज और मोबाइल नंबर आदि ▶▶|शेष पेज 12 पर



### पहली बार डिजिटल जनगणना

ज्ञात हो कि इससे पहले 2011 में की गई जनगणना के दौरान डिजिटल माध्यम का उपयोग नहीं किया गया था, लेकिन इस बार पहली आधुनिकता के बढ़ते दौर को देखते हुए देश की पहली डिजिटल जनगणना होने जा रही है। जिसमें जिले में ही चार हजार से अधिक गणनाकर्ता शामिल होंगे। आंकड़े मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से एकत्र किए जाएंगे, जो एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे, ताकि बेहतर गुणवत्ता के आंकड़े सुनिश्चित किए जा सकें।

# 5 माह पुराने उपद्रव मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में पांच माह पहले हुए सनसनीखेज तोड़फोड़ और उपद्रव के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। यह मामला 26 अक्टूबर 2025 को हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद भड़की भीड़ से जुड़ा हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ ने व्यवसायी के घर पर हमला कर भारी नुकसान पहुंचाया था। पुलिस के अनुसार, घटना उस समय की है जब एक तेज रफ्तार डिफेंडर वाहन ने कसार पेट्रोल पंप के सामने दुर्ग-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर कई वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य लोग घायल हुए थे। घटना के बाद शहर में तनाव का माहौल बन गया और देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गई।

आक्रोशित लोगों ने रात करीब 8:30 से 10 बजे के बीच वार्ड 08 पंजाबी पारा निवासी व्यवसायी मेहर सिंह सलुजा उर्फ क्रिश के घर और दुकान पर धावा बोल दिया। भीड़ ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की, खड़ी वाहनों को नुकसान पहुंचाया और अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान लाखों रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित बलमीत सलुजा की रिपोर्ट पर पुलिस ने नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर क्षति का पंचनामा तैयार किया गया, जिसमें करीब 25 लाख रुपए के नुकसान की पुष्टि हुई। साथ ही, दुकान और घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को जब्त कर जांच में शामिल किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीड़ित पक्ष के परिजनों द्वारा आरोपियों की पहचान की गई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच युवकों—युवराज साहू, समीर रजा, साहिल सोलंकी, भोला सोनी और जिवेश तिवारी को 20 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की विवेचना अभी जारी ▶▶|शेष पेज 12 पर

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्जवलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्वनीम्॥

## खबर संक्षेप

### बड़े भाई से कहासुनी बहन ने लगाई फांसी

**भिलाई।** बड़े भाई के साथ कहासुनी होने पर चौथी की छात्रा बहन ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि गणेश नगर वार्ड 5 जामुल निवासी गुरप्रीत कौर उर्फ खुशी 10 वर्ष अपने बड़े भाई 17 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर काहसुनी गुरुवार की शाम को हो गई। आक्रोश में आकर खुशी अपने कमरे में भागकर अपनी चुन्नी को फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। इधर बड़ा भाई आराम से खाना निकालकर टीवी देखते हुए खा रहा था। भाई ने जब आवाज लगाया लेकिन खुशी की तरह से कोई हलचल नहीं होने पर दौड़ते हुए कमरे की ओर गया। जहां खुर्सी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। परिजन व आसपास के लोगों की मदद से फंदे से खुशी को उतारकर अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया।

# डीआईजी रामकृष्ण ने किया नवागढ़ थाना व चौकियों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर थाना नवागढ़ एवं पुलिस चौकी संबलपुर, मारो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईजी साहू ने स्पष्ट कहा कि थाना व चौकी में आने वाले फरियादियों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। इससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत होगा। उन्होंने चैत्र नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सप्तमी व अष्टमी के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए सीसीटीवी निगरानी, भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा गया। थाना एवं चौकी प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए गए।



### कानून-व्यवस्था पर कड़े निर्देश

निरीक्षण के दौरान बंदी गृह, महिला डेस्क, विवेचक कक्ष एवं मालखाना सहित पूरे परिसर का जायजा लिया गया। अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा व अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों, गुमशुदगी एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर दिया गया।


**आधुनिक पुलिसिंग और सुरक्षा अभियान-** डीआईजी ने विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने, रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग व कॉम्बिंग ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, गोवंश तस्करी पर नियंत्रण तथा साइबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप व "सशक्त एप" के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कम्यूनिटी पुलिसिंग को मजबूत करने, सूचना तंत्र विकसित करने तथा बीट प्रणाली को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। महिलाओं व बच्चों से संबंधित मामलों के निराकरण के लिए "ऑपरेशन मुस्कान" चलाने तथा आदतन अपराधियों पर निगरानी रखने को कहा गया। इसके अलावा 60 से 90 दिनों के भीतर मामलों में चालान प्रस्तुत ▶▶|शेष पेज 12 पर

# रामनवमी पर मटिया में 27 को भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

रामनवमी पर्व को लेकर शनिवार को रामनवमी समिति ग्राम मटिया की बैठक हुई। बैठक में इस बार भी भव्य तरीके से रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया। 27 मार्च को रामनवमी समिति के तत्वावधान में पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने बताया कि यह शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक ▶▶|शेष पेज 12 पर






# महामाया व शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत के साथ ही नगर के प्रमुख आस्था का दरबार सज गया मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। नगर के मां महामाया मंदिर में 351 ज्योति व शीतला मंदिर में 81 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वही मां महामाया शीतला समिति द्वारा मंदिर में विशेष सजावट की गई है।





# खमरिया के मां ज्वाला देवी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

चैत्र नवरात्रि पर अंचल में गांव- गांव में माताजी दरबार सजा हुआ है। सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम गगरिया खमरिया में सिद्ध पीठ मां ज्वाला देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। चार दशक पुराने मंदिर में माता जी का उदगम धरती से हुआ था। मां ज्वाला के अद्भुत चमत्कार की कई कथाएं ग्रामीण बताते हैं। ईपानिया बांध के तट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मंदिर में 113 ज्योति प्रज्वलित किया गया है। मंदिर को वृहद रूप देने के लिए निर्माण कार्य जारी है मंदिर समिति के अध्यक्ष लेख राम साहू सचिव भोलाराम साहू ने बताया कि निर्माण कार्य सभी के सहयोग से कराया जा रहा है।





## खबर संक्षेप

### रणजीत बने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा रणजीत सिंह ठाकुर राजा को भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ का प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा में प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों पर दायित्व निभा चुके हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ठाकुर ने इस दायित्व के लिए पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से सांसद विजय बघेल, प्रदेश मंत्री अमित साहू और प्रमोद सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके मार्गदर्शन को अपनी कार्यशैली की प्रेरणा बताया।

### धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 सशक्त संकल्प : नितेश



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 का भाजपा प्रवक्ता नितेश साहू ने स्वागत करते हुए कहा कि यह कानून केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संतुलन की रक्षा का सशक्त संकल्प है। यह विधेयक स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है कि बल, प्रलोभन, दबाव, झूठी जानकारी या कपटपूर्ण तरीकों से धर्म परिवर्तन कराना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। साथ ही स्वैच्छिक धर्म परिवर्तन के लिए पारदर्शी प्रक्रिया, पूर्व सूचना एवं आपत्ति दर्ज कराने की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर पूर्ण रोक लगे। इस कानून में अवैध धर्मांतरण पर 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना, जबकि महिलाओं, नाबालिगों एवं अनुसूचित जाति-जनजाति के मामलों में 10 से 20 वर्ष तक की सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माना इस कानून को और अधिक प्रभावी बनाता है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री गजेंद्र यादव सहित पूरे मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है।

### गांजा के साथ अधेड़ को किया गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा के साथ अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रिसाली सेक्टर भिलाई स्थित ब्लॉक 298 एल के सामने अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर रिसाली सेक्टर निवासी कविराज लीमा को पुलिस ने पकड़ा गया। आरोपी के पास से 3.554 किलोग्राम मादक पदार्थ मिला। जिसकी कीमत 1.75 लाख रुपए आंकी गई है।

# किसानों को आवंटित जमीन आदेश के बाद हाउसिंग बोर्ड को हस्तांतरित, भड़के किसान

## वर्ष 1975-76 में कास्तगार जमीन का किया गया था आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

ग्राम धनोरा में बड़ी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। इस क्षेत्र में वर्ष 1975-76 में करीब 12 एकड़ जमीन 8 किसानों को कमाने-खाने के लिए दी गई थी। वर्तमान में इस जमीन को हाउसिंग बोर्ड को एक तरफा आदेश के बाद महौल गरमा गया है। इसे लेकर पिछले दो दिन से प्रशासन की टीम किसानों का कब्जा हटाने के लिए ग्राम धनोरा पहुंच रही है, जहां गतिरोध पैदा हो गया है। किसानों ने बताया कि उनके पूर्वजों में केशव राम साहू, बैसाखू साहू, बगस यादव, इतवारी, श्रीराम यादव, बालीराम यादव, राम प्यारे, मानसिंह को जमीन आवंटित की गई थी। वर्तमान में प्रकरण संभाग आयुक्त के पास लंबित है।



### मामला संभागायुक्त के पास विचाराधीन

2025 में कलेक्टर ने एकतरफा आदेश जारी करते हुए हाउसिंग बोर्ड को जमीन हस्तांतरित कर दी। इसके बाद सूचना प्रकाशन, नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। सीमांकन तक करा लिया गया। 19 और 20 मार्च को बलात जगह पर अतिक्रमण बताकर किसानों को खदेड़ने की कोशिश की गई। जबकि मामला संभाग आयुक्त के पास विचाराधीन है।

इसमें 24 अप्रैल को सुनवाई भी होनी है, बावजूद प्रशासन एकतरफा कार्रवाई कर रहा है।

गांव के राजेंद्र साहू ने बताया कि 1975 से लगातार उनके पूर्वज उक्त जमीन में खेती-किसानी करते आ रहे हैं। 2022 में अचानक इस जमीन को हाउसिंग बोर्ड को दिए जाने का निर्णय लिया गया। उसी साल ग्राम सभा की बैठक में उक्त जमीन को हाउसिंग बोर्ड को नहीं दिए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके बाद एक और ग्रामसभा की बैठक में तसीलदार, राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में ऐसे ही प्रस्ताव को पारित किया गया। बावजूद इसके जमीन को हाउसिंग बोर्ड को दे दिया गया। इसके बाद गांव के लोगों ने तहसील, एसडीएम से लेकर कलेक्टर कोर्ट में लड़ाई लड़ी।

## बोरिया गेट पर की नारेबाजी, निर्णय वापस नहीं लेने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# एसईएसबीएफ को बंद करने के विरोध में सीटू का प्रदर्शन, कर्मियों के 24 सौ करोड़ जोखिम के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

## 'कर्मियों के वेतन के फंड के बाद अब एसईएसबीएफ को भी एनपीएस में डालना है अवैध'

एसईएसबीएफ (सेल इंप्लाई सुपर एनुवेशन बेनिफिट फंड) के प्रबंध न्यासियों की 2 फरवरी 2026 को कोलकाता में हुई बैठक की कार्यवाही और उसके बाद प्रबंधन द्वारा जारी किये गए परिपत्र का विरोध करते हुए सीटू ने शुक्रवार को बोरिया गेट में प्रदर्शन किया। बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से सेल के निदेशक कार्मिक को दिये ज्ञापन में इस विषय पर तत्काल एनजेसीएस की बैठक बुलाकर कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। सेल के कार्मिकों के मासिक अंशदान को एनपीएस में डालने से उन्हें पेंशन का नुकसान होगा। कर्मियों के हितो की रक्षा नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। सीटू नेताओं ने कहा कि देश की केंद्रीय यूनियनों के व्यापक विरोध के बाद भी पहले 15 प्रतिशत अंशदान को एनपीएस में डलवाया और अब उनके खून पसीने की कमाई के एसईएसबीएफ पैसे को भी एनपीएस में डलवा देने से पेंशन का नुकसान होगा। सेल के कामगारों को सेवानिवृत्ति के बाद केवल सीपीएफ ग्रेच्युटी मिलता था, पेंशन का कोई भी प्रावधान नहीं था। पेंशन के उद्देश्य से 1994 में एनजेसीएस मंच की मांगों के फलस्वरुप सामाजिक सुरक्षा उपाय के रूप में एसईएसबीएफ ट्रस्ट 25 सितंबर 1994 को सेल कर्मचारियों के हितार्थ अस्तित्व में आया व एसईएसबीएफ ट्रस्ट गठन सेल तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सेफी और संयंत्रों की मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधियों के बीच हुआ था। कोष सदस्यों के मासिक वेतन से 2% अंशदान द्वारा तथा कुछ अवसरों पर कंपनी द्वारा पीएलबीएस के नाम पर योगदान से बनाया गया था। कोष का संचालन ट्रस्ट डीड एवं विधिवत निर्मित और लागू ट्रस्ट नियमों के प्रावधानों के अनुसार न्यासी मंडल द्वारा किया जाता रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.0% घोषित की गई, पिछले वर्ष के समान है।

### तत्काल बुलाएं एनजेसीएस की बैठक

सीटू नेता ने कहा कि एसईएसबीएफ ट्रस्ट नियमों के अनुसार न्यासी स्वयं किसी प्रबंध समिति का गठन कर ट्रस्ट को बंद करने की प्रक्रिया तय करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इस प्रकार का कोई भी निर्णय या उसके बाद की कार्रवाई ट्रस्ट डीड के विरुद्ध तथा अवैध है, जिनका कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसीलिए केवल एनजेसीएस ही ऐसे महत्वपूर्ण मामलों पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत है।



**कर्मियों की सहमति के बिना फंड ट्रांसफर अवैधानिकः** प्रदर्शन के दौरान सीटू नेताओं ने कहा कि पिछले 15 दिनों से शेयर मार्केट लगातार गिर रहा है लोगों के 62 लाख करोड़ रुपए मार्केट में डूब चुके हैं, ऐसे में एसईएसबीएफ ट्रस्ट को बंद करके उसके पैसे को एनपीएस में डालने का मतलब है कि कर्मचारियों की मेहनत के जमा 2400 करोड़ रुपए को बाजार जोखिम के हवाले कर देना है। इस मामले मे प्रबंधन अब तक ना तो सर्वसम्मति बन पाया है ना ही उन कर्मचारियों से पूछना अथवा विकल्प देना चाहता है, जिनका पैसा एकत्रित होकर इस फंड में जमा हुआ है।

**कर्मियों के पैसे को बाजार में खपा रही सरकारः** सीटू नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार कर्मियों के पैसे को बाजार के हवाले कर रही है। सबसे पहले सीपीएफ के पैसे में से 5% से 15% तक मार्केट में डालने का निर्णय लेकर सभी एक्जम्प्टेड ट्रस्ट पर थोप दिया। सेल के कामगारों के लिए बना पेंशन ट्रस्ट को समाप्त करवा कर कर्मचारियों के 6% और अधिकारियों के 9% से जमा हो रहे फंड को एनपीएस में डलवा दिया। अब एसईएसबीएफ के पैसे को भी एनपीएस के हवाले कर देना चाहता है।

### अंशदान को एनपीएस में डालने से नुकसान

सीटू नेताओं ने कहा कि 15 जुलाई 2024 को आयोजित एसईएसबीएफ की बैठक में एसईएसबीएफ के मासिक अंशदान व कोष को एनपीएस में ट्रांसफर करने के प्रस्ताव का सीटू/एसडब्लूएफआई ने विरोध किया। बावजूजद यही प्रस्ताव 3 सितंबर 2025 को हुई ट्रस्ट बैठक में पुनः प्रस्तुत किया गया। यूनियन ने पुनः विरोध कर अध्यक्ष, एसईएसबीएफ को भी लिखित रूप में सूचित किया। बावजूद, प्रबंधन ने अड़ियल रुख अपनाते हुए और 2 फरवरी 2026 को आयोजित ट्रस्ट बैठक में एसईएसबीएफ को समाप्त करने का प्रस्ताव दोहराया। इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन सकी और बाद में प्रबंधन द्वारा आपत्तिजनक रिकार्ड नोट व परिपत्र से एसईएसबीएफ को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## पंजाब बार सील करने पहुंची टीम तब जमा कराया टैक्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- लंबे समय तक नहीं जमा कराया 2.25 लाख टैक्स

न्यू बस स्टैंड स्थित पंजाब बार को सील करने के लिए शुक्रवार को निगम की टीम पहुंची। सीलबंदी की कार्रवाई से बचने के लिए उसने तत्काल पांच वर्षों का लंबित अनुज्ञा शुल्क, कुल 2 लाख 25 हजार रुपये जमा कराया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि पंजाब बार ने पिछले पांच वर्षों से अनुज्ञा शुल्क जमा नहीं किया था। नगर निगम द्वारा इस संबंध में तीन बार नोटिस जारी किया, लेकिन संचालक की ओर से न तो कोई जवाब दिया गया और न ही शुल्क जमा करने की पहल की गई।

लगातार अनदेखी के चलते निगम प्रशासन को सख्त कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की आय से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सभी बकायादारों को समय पर अपने कर एवं अनुज्ञा शुल्क जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक चंदन मनहरे, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, पवन नायक, तिलक नवरंग, आशीष तिवारी, मुकेश पटेल सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# निगम ने बुलडोजर चलाकर नकटा तालाब को कराया अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- कई सालों से तालाब की मेड़ में करके रखा था कब्जा

भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 कुरूद में स्थित नकटा तालाब के ऊपर से निगम ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को पूरी तरहे से हटा दिया है। निगम ने यहां पहले भी कई बार अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की, लेकिन बार बार लोग यहां फिर से जगह को घेरकर झोपड़ी बना ले रहे थे। इस बार निगम की टीम पहुंची और वहां अतिक्रमण को पूरी तरह से जमीदोज कर दिया। इस दौरान जामुल पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

आपको बता दें कि कुरूद ढांचा भवन के पास स्थित नकटा तालाब काफी बड़े आकार है। यहां लोग अतिक्रमण करके धीरे धीरे इसकी मेड़ में घर की बाउंड्रीवाल, दुकान और घर तक बना लिए हैं। हालत यह है कि यहां लोगों को छठ पूजा करने में भी परेशानी हो रही थी। अराजक तत्वों का जमावड़ा होने से शाम होते ही यह क्षेत्र नशे का अड्डा बन जाता था। हरिभूमि ने लोगों की मांग पर इस खबर को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद आप पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने भी इसकी शिकायत कलेक्टर और मुख्यमंत्री तक से की। इसके बाद निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त येशा लहरे ने एआरओ प्रशन्न तिवारी के नेतृत्व में एक टीम को भेजा। लगभग 5-6 लोगों की टीम शुक्रवार शाम को जेसीबी लेकर पहुंची और पूरे अतिक्रमण को हटाया।



### तालाब के मेड़ से रोड को हटाने होगी कार्रवाई

आपको बता दें कि तालाब के ठीक नीचे कुछ भू माफियाओं ने अवैध प्लॉटिंग की और वहां आने जाने के लिए तालाब की मेड़ के ऊपर से रोड काटकर उसे ले-आउट में दर्शा दिया था। हालत यह हो गई थी कि कंस्ट्रक्शन का सामान रेत, गिट्टी सीमेंट आदि लेकर आने वाले ट्रकों के चलने से तालाब के ऊपर लगे पेवर ब्लाक उखड़ गए और पूरा मेड़ खराब हो गया था। इसके बाद निगम की टीम ने इस रास्ते को मिट्टी पाटकर बंद किया है। जोन आयुक्त येशा लहरे का कहना है कि उन्होंने निगम आयुक्त से फंड मांगा है। जल्द ही इस सड़क के सामने तार घेरा करके यहां छोटा सा गार्डन बना देंगे।

### भक्त माता कर्मा जयंती समारोह कल सेलूद में

**सेलूद।** स्थानीय साहू समाज सेलूद के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती का आयोजन 22 मार्च रविवार को किया गया है। जिसमें पूजा अर्चना सुबह 10 बजे से सामुदायिक कर्मा भवन सेलूद में होगी। अतिथि आगमन एवं उदबोधन शाम 4 बजे से होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालेश्वर साहू अध्यक्ष तह. साहू संघ पाटन और अश्वनी साहू महामंत्री जिला साहू संघ दुर्ग होंगे। अध्यक्षता किशन हिरवानी अध्यक्ष परि. साहू संघ अरसनारा करेंगे। विशिष्ट अतिथि चंद्रिका कलिहारी जनपद सद. पाटन, खेमिन साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचा. सेलूद, टामन साहू ,प्राधि. अधि. सेवा सह. समिति सेलूद,अति. विशिष्ट अतिथि- विमला साहू , खिलेश मारकंडे सरपंच सेलूद और राकेश साहू उप सरपंच सेलूद विशेष सहयोग जयंत साहू अध्यक्ष जय प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष पिताम्बरी साहू, उपाध्यक्ष महिला रूपेश साहू सचिव एवं समस्त साहू समाज ग्राम सेलूद, परिक्षेत्र-अरसनारा (पाटन) का रहेगा।

# अपराध नियंत्रण करने दुर्ग में चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

### पुलिस कंट्रोल में ली थाना प्रभारियों की बैठक



अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चत होगी। बैठक में अपराध नियंत्रण, जांच की गुणवत्ता और प्रशासनिक अनुशासन परचर्चा हुई। लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए ठोस रणनीति बनाई गई। वर्ष 2024 से पहले के लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों को प्राथमिकता पर समाप्त करने के निर्देश दिए गए। थानों में अनावश्यक बोझ कम करने और रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के लिए लावारिस और जब्त संपत्तियों का शीघ्र निराकरण करने पर जोर दिया। सभी गंभीर अपराधों में तुरंत अपराध दर्ज करने और विवेचना शुरू करने को कहा गया है। सूचना को नजरअंदाज न करने और वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर जानकारी देने पर जोर दिया है। बाहरी टीम भेजने की आवश्यकता होने पर बिना देरी कार्रवाई करे। जिले में बढ़ते नशे और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करनी होगी। जुआ-सट्टा मामलों में विशेष टीम गठित कर स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी तय करे।

### तेलीगुंडरा में धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती

**पाटन।** स्थानीय साहू समाज तेलीगुंडरा के तत्वाधान में संत माता कर्मा की 1010 वीं जयंती समारोह आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक साहू (पूर्व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग) थे। अध्यक्षता दिनेश साहू (कार्यकारी अध्यक्ष, तह.साहू संघ पाटन) ने की। विशेष अतिथि कीर्ति नायक अध्यक्ष जप पाटन, दिनेश कुमार साहू (पूर्व अध्यक्ष, तह.साहू संघ पाटन), दिलीप साहू (कोषाध्यक्ष,जिला साहू संघ दुर्ग), चंद्रिका साहू सदस्य प्रदेश साहू संघ, सरपंच तरीघाट,गरीब दास साहू (कोषाध्यक्ष,परि.साहू संघ), कामता साहू (उपाध्यक्ष,परि.साहू संघ), श्यामलाल साहू (सचिव,परि.साहू संघ) ने श्री कृष्ण एवं संत माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज एवं ग्रामवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली, शांति की मंगलकामना की।

## पेज 11 के शेष...

### डिजिटल जनगणना...

के बारे में पूछा जाएगा।

**इस तरह के सवाल शामिल-** जनगणना में नागरिकों से संख्या, फर्श की सामग्री, घर की दीवार की प्रमुख सामग्री छत, घर का उपयोग, स्थिति, परिवार संख्या, घर में व्यक्तियों की संख्या, मुखिया का नाम व लिंग, परिवार का मुखिया एससी-एसटी अन्य से संबंधित है। स्वामित्व की स्थिति, परिवार के स्वामित्व वाले आवासीय कमरों की संख्या, पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत, पेयजल के स्त्रोत की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय है या नहीं, शौचालय का प्रकार, अपशिष्ट जल निकास, स्नान सुविधा जैसे सवाल पूछे जाएंगे।

### 5 माह पुराने...

है। शेष अन्य आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

**कार्रवाई पर उठ रहे सवाल-** हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शहर में चर्चा का माहौल भी गरम है। लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि भीड़ में शामिल कुछ कथित प्रभावशाली और नामी व्यक्तियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। इसको लेकर पुलिस की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और मामले में शामिल हर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डीआईजी रामकृष्णा...

करने, तलाशी व जब्ती के दौरान फोटोग्राफी- वीडियोग्राफी अनिवार्य करने तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी नवागढ़ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, चौकी प्रभारी मारो उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, चौकी संबलपुर के प्रधान आरक्षक गजेन्द्र पाल बार्गो सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### रामनवमी पर मटिया...

गौरव का प्रतीक है। भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां, सुसज्जित रथ, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े एवं पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धालुओं की सहभागिता इस आयोजन को भव्यता प्रदान करेगी। उन्होंने गांव वालों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक बनाएं। समिति के सदस्य राजेंद्र यादव ने कहा कि शोभायात्रा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं गरिमामय ढंग से निकाली जाएगी। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी, जहां सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा और भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर मटिया-कोसपातर-बारगांव में भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा और चारों ओर जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठेगा। रामनवमी पर्व को लेकर शनिवार को हुई बैठक में रामनवमी समिति के पदाधिकारी सतीष यादव, देवेंद्र वर्मा, बोसेन्द्र पांडेय, ईश्वर साहू, रामकुमार निषाद, मुकेश यादव, सोनू वर्मा, उदेराम निषाद, धनेश वर्मा, कमलेश पाटिल, जोहन साहू, शांतिलाल वर्मा, तरुण यादव, अशोक साहू, कामता साहू, धर्मेंद्र पाटिल, रोशन ध्रुव, जित्तू पाटिल, टूम्मन पाटिल, प्रकाश साहू, प्रदीप , पंकज, हेमू वर्मा, धनीराम निर्मलकर, गुड्डु साहू, बबलू यादव, धनेश साहू, घनश्याम वर्मा, राजू वर्मा, सोनी निषाद, हीरा वर्मा, योगेश सोनी, देवन यादव, परमानंद साहू, श्रीराम साहू, गणेश वर्मा, दीनू वर्मा, सुकदेव यादव, राम यादव, शंकर सेन, महेंद्र ध्रुव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




### गौठान में गौमाता पर अत्याचार का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** भिलाई के कोसानगर गौठान में गौमाताओं के साथ कथित तौर पर क्रूरता किए जाने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन, राधे गौसेवा समिति और विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि कोसानगर गौठान, जो भिलाई स्टेशन के पास स्थित है, वहां हर सप्ताह किसी न किसी गौमाता या बछड़े के साथ क्रूरता की घटनाएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि पशुओं के कान काटने, पूंछ काटने और शरीर को नुकसान पहुंचाने जैसे अमानवीय कृत्य किए जा रहे हैं। संगठनों ने कहा कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में आर्मी फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व सैनिक हरप्रित सिंह, राधे गौसेवा समिति के जिला अध्यक्ष राम राघव यादव, जिला उपाध्यक्ष वंश बोहरे तथा विहिप बजरंग दल से दुर्ग जिला गौ रक्षक प्रमुख रवि साहू, यमन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गौसेव शामिल थे।

## पूर्णाहुति में उमड़ी श्रद्धा, संत श्री माताजी ने बताया हवन का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जिले के निकुम स्थित तीर्थराज देवी निकुंभला मंदिर, जय शक्ति आश्रम में चैत नवरात्रि के अवसर पर चल रहे दुर्गा महायज्ञ में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। आयोजन के दूसरे दिन शुक्रवार को हवन की पूर्णाहुति में शामिल होने दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान संस्थापक संत श्री माता जी के सान्निध्य में विधि-विधान से हवन और पूजन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ यज्ञ में आहुति देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।



मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार और जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

आयोजन समिति के अनुसार, महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नित्य आहुतियां दी जा रही हैं। इस धार्मिक आयोजन में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर संत श्री माता जी ने हवन पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हवन से केवल भगवान ही प्रसन्न नहीं होते, बल्कि इससे लोगों के कष्टों का भी निवारण होता है। उन्होंने बताया कि हवन से निकलने वाला धुआ सामान्य नहीं होता, बल्कि वह वातावरण को शुद्ध करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। महायज्ञ के साथ ही एक बड़े धार्मिक विकास का संकल्प भी जुड़ा हुआ है। संत श्री माता जी ने बताया कि आने वाले समय में यहां 4 एकड़ में मंदिर, 7 एकड़ में परकोटा और करीब 25 एकड़ में विशाल धार्मिक परिसर विकसित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के पंडरिया ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्तः सूरज चंद्राकार



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। दुर्ग संभाग अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह एवं संभागीय उपाध्यक्ष भुवन पटेल की अनुशंसा पर श्याम टंडन को कवर्धा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है वहीं प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में किए गए मनोनयन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए जिला इकाई एवं ब्लॉक इकाई के गठन का अधिकार नव नियुक्त पंडरिया ब्लॉक उपाध्यक्ष सुरज चंद्राकर को नियुक्ति किया गया, जिससे उत्साह का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों और पत्रकार साथियों ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन की गतिविधियां और अधिक सक्रिय होंगी तथा पत्रकारों के हितों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। नव नियुक्त उपाध्यक्ष सुरज चंद्राकर ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी पत्रकार साथियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### बच्चों को लेखनी देकर किया उत्साहित

**हरिभूमि कवर्धा।** वनांचल क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला बदौरा में केंद्रीकृत परीक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत हुई। परीक्षा प्रारंभ से प्रधान पाठक द्वारा एक प्रेरणादायक पहल की गई, जिसमें विद्यार्थियों को लेखनी भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा पांचवीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें अधिकांश बच्चे बैगा आदिवासी समुदाय से हैं। इस पहल से उत्साहित विद्यार्थियों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# डिप्टी सीएम ने मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण व शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की गहन समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में निर्माण एजेंसी, सीजी एमएससी तथा जिला अस्पताल के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण की प्रगति और आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, समय-सीमा और गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि एकेडमिक बिल्डिंग का निर्माण 31 मई 2027 तक तथा ब्वॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, इंटर्न्स मेंस, डीन रेसिडेंसी, एमएस रेसिडेंस, लैब सहित अन्य सभी आवश्यक भवनों का निर्माण 31 मार्च 2027 तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे प्रत्येक 15 दिनों की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें और उसी के अनुरूप निर्माण कार्य को गति दें। साथ ही हर 15 दिन में कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिससे कार्य की नियमित समीक्षा की जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्माण कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक शुक्रवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण करें और कार्य की वास्तविक प्रगति का आकलन करें। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा या समस्या आती है, तो उसे तत्काल साझा किया जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, लेकिन निर्माण कार्य निरंतर और निर्धारित गति से जारी रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी कार्य मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि भविष्य में छात्रों और चिकित्सा सेवाओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर विशेष जोर



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले में आगामी सत्र से प्रारंभ होने वाले मेडिकल शिक्षा सत्र की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने के लिए आवश्यक सभी मूलभूत व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में प्रारंभिक सेटअप में कमी नहीं रहनी चाहिए। मेडिकल कॉलेज के सुचारू संचालन के लिए जो न्यूनतम सेटअप आवश्यक होता है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री ने इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान उन्होंने मेडिकल स्टाफ और विद्यार्थियों के लिए आवासीय व्यवस्था रेसिडेंस के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नियमानुसार कॉलेज और रेसिडेंट्स के आवास के बीच निर्धारित दूरी का पालन किया जाए तथा इसी को ध्यान में रखते हुए आवासीय व्यवस्था विकसित की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की शुरुआत जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की कमी या समस्या को तत्काल दूर करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें।

## अनदेखीः कहीं पाइप-लाइन अधूरी, तो कहीं अन्य समस्या

# करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकियां अब शोपीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव, दामापुर, कुण्डा क्षेत्र के कंझेटा, धनेली, पीपरमाटी, बसनी, भटरूसे, पथरी, कंझेटी, अमली-मालगी सहित कई गांवों में करोड़ों रुपए की लागत से बनी पानी टंकियां आज भी चालू नहीं हो पाई हैं। गर्मी के इस भीषण मौसम में ये टंकियां केवल शोपीस बनकर रह गई हैं, जबकि ग्रामीण एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा जल समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से पानी टंकी निर्माण एवं घर-घर नल कनेक्शन की सुविधा दी गई थी, ताकि शुद्ध पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलटा है। टंकियां बनने के बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि कहीं पाइप-लाइन अधूरी पड़ी है, तो कहीं अन्य समस्या है। कुछ स्थानों पर सभी कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### ग्रामीण केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना लाभ से वंचित



यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रवासियों ने जिम्मेदार ठेकेदार व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा शासन प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन स्तर पर लगातार बैठक कर गर्मी में जल संकट से निपटने की बात कही जाती है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीण रहवासियों व क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ा है। जिस पर ग्रामीणों ने मांग की है कि इन सभी पानी टंकियों की तत्काल जांच कर उन्हें चालू किया जाए, ताकि आम जनता को केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके और गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से राहत मिल सके।

# प्रतिमा अनावरण के साथ मनाया जाएगा वीरांगना अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस

## मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे

- विविध सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले के उच्च विश्राम गृह में लोधी समाज द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने 22 मार्च को ग्राम सेमरिया में आयोजित होने वाले वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा विविध सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष श्री वर्मा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके माध्यम से समाज की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और उनके बलिदान को स्मरण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अवंतीबाई लोधी ने अदम्य साहस और देशभक्ति का परिचय दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक एकता, जागरूकता और संगठन को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। कार्यक्रम में समाज के युवाओं को अपनी संस्कृति, इतिहास और मूल्यों से जोड़ने के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बड़ी संख्या में लोगों की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए आवास, भोजन, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की व्यापक योजना बनाई गई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री वर्मा ने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की। इस अवसर पर लोधी समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं समाज प्रमुख उपस्थित थें।

# निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा की मिसाल, रक्से के प्रज्ञा ज्ञानोदय केंद्र से 12 विद्यार्थियों का नवोदय में चयन



- प्रभारी प्राचार्य त्रिभुवन राम साहू की सराहनीय पहल ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सहसपुर लोहारा जनपद अंतर्गत ग्राम रक्से में संचालित प्रज्ञा ज्ञानोदय केंद्र ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। केंद्र से जुड़े विद्यार्थियों में से इस वर्ष 20 प्रतिशत यानि 60 में से 12 बच्चों का चयन विभिन्न जिलों के जवाहर नवोदय विद्यालयों में हुआ है।

यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र में निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा के प्रभावी मॉडल को दर्शाती है। इस पहल के पीछे शासकीय हाई स्कूल बामी के प्रभारी प्राचार्य त्रिभुवन राम साहू का दो दशकों से निरंतर प्रयास रहा है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में जहां शिक्षा व्यावसायिक होती जा रही है, वहीं उनका यह प्रयास सामाजिक सरोकार की मिशाल बनकर उभरा है।

केंद्र में कक्षाओं का संचालन आधुनिक तकनीक से पढ़ाई व अन्य ऐप के माध्यम से किया जाता है। इसके साथ ही आकर्षक प्रेजेंटेशन (पीपीटी), गूगल फॉर्म और पीडीएफ सामग्री का उपयोग कर विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से तैयार किया जाता है। इससे बच्चों की अवधारणात्मक समझ मजबूत होती है और परीक्षा के अनुरूप अभ्यास भी मिलता है।

केंद्र के संचालन में श्री साहू व नंदकुमार साहू का भी विशेष योगदान रहा, जो उनकी अनुपस्थिति में कक्षाओं का संचालन संभालते हैं। दोनों के संयुक्त प्रयास से यह पहल लगातार विस्तार और सफलता प्राप्त कर रही है। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के साथ-साथ केंद्र में प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करवाई जाती है। वर्तमान में शिक्षक भर्ती परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें हर वर्ष उल्लेखनीय परिणाम सामने आ रहे हैं। ग्रामीण अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल न केवल विद्यार्थियों के लिए अवसर का द्वार खोल रही है, बल्कि यह भी साबित कर रही है कि समर्पण और नवाचार के जरिए सीमित संसाधनों में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

### कई जिलों के विद्यार्थियों ने पाई सफलता

प्रज्ञा ज्ञानोदय केंद्र से इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से 2, राजनांदगांव से 3, बालोद से 2, महासमुंद से 1, बिलासपुर से 1, कोरबा से 1 तथा मध्यप्रदेश से 2 विद्यार्थी शामिल हैं। यह सफलता दर्शाती है कि ऑनलाइन माध्यम से दूर-दराज क्षेत्रों के बच्चों तक भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाई जा सकती है।

# 23 से 26 मार्च तक सरदार पटेल मैदान कवर्धा में होगा संभागीय सरस मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संभाग के विभिन्न जिलों से आए हुए महिला स्व-सहायता समूहों और लखपति दीदियों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादो की भव्य प्रदर्शनी एवं विक्रय केंद्र संभागीय सरस मेला में 23 से 26 मार्च तक सरदार पटेल मैदान कवर्धा में उपलब्ध होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम बढ़ाते हुए विभिन्न महिला स्व सहायता समूह द्वारा बनाए गए जैविक खाद्य सामग्री, घरेलू साज-सज्जा के आकर्षक समानो सहित सभी आयु वर्ग के लिए अनेको उत्पादनो की प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए मेले का आयोजन हो रहा है। संभागीय सरस मेला में मीना बाजार किड्स जोन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, हुनर और आत्मनिर्भरता की मिसाल है जहां आपको एक ही स्थान पर अनेको उपयोगी समान संभागीय सरस मेला में मिलेगा। मेले में महिला समूह द्वारा उत्पादित मिलेट जिसमे रागी, कोदो और बाजरा से बने पौष्टिक खाद्य पदार्थ, समूह द्वारा बना स्वादिष्ट अचार, पापड़, मसाले, हर्बल गुलाल एवं प्राकृतिक उत्पाद सहित हस्तशिल्प एवं सजावटी सामग्री भी उपलब्ध होगी। साथ मे पारंपरिक व छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियां बाजार मूल्य से कम दरों पर गुणवत्ता के साथ उपलब्ध है। आपके प्रत्येक खरीददारी से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सहयोग मिलेगा और वह आत्मनिर्भरया की दिशा में आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि संभागीय सरस मेला का आयोजन सरदार पटेल मैदान कवर्धा में 23 से 26 मार्च तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होगा।




## पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा आयोजित

# गौ-हत्या बंद हो और गौमाता को राज्य माता व राष्ट्र माता का सम्मान मिलेः दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में आयोजित पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि कलियुग में लोग व्यभिचार, चोरी, पाप और पाखंड में लग जायेंगे, निरंतर पाप करते रहेंगे, ऐसी स्थिति में उनका कल्याण हो इसलिए श्रीशिव महापुराण कथा का प्रकाशन किया गया है। श्रीशिव महापुराण की कथा बड़े से बड़े पापी को भी तार देती है उसका कल्याण कर देती है। देवराज नामक ब्राह्मण था जो रस बेचता था झूठ बोलता था, विश्वासघात करता था धन छीन लेता था वैश्यागामी हो गया था। एक बार अचानक यात्रा करते प्रतिष्ठानपुर के शिवालय पहुंच गया, वहां श्रीशिव महापुराण की कथा चल रही थी, देवराज बीमार पड़ गया और कथा सुनकर मर गया उसे लेने श्रीशिव के गण आए और हिमालय शिवधाम ले गए और वह देवराज सदा-सदा के लिए शिवधाम में रहने लगा। श्रीशिव महापुराण कथा ने पापी देवराज को तार दिया।

वहीं सनातन धर्म में गौवंश से बड़ा कोई नहीं है। 33 कोटी देवी-देवता गौमाता के शरीर में रहते हैं। हमारे वोट को लेकर नेता और पार्टीयां सरकार बनाते हैं और गौ हत्या करते हैं यह जनता से धोखा है। रोज लाखों गौवंश काट दी जाती है यह गलत है संपूर्ण देश में गौ हत्या बंद हो और गौमाता को राज्य के स्तर में राज्य माता और देश के स्तर में राष्ट्र माता का सम्मान मिले। राजा, वैश्या, दुष्ट व्यक्ति दूसरे के कष्ट को नहीं जानता।

पाटेश्वर धाम जामडी से आए संत बालकदास ने कहा कि 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाया जाएगा। इस दिन तहसील स्तर पर संपूर्ण देश में गौ-हत्या बंद हो और गौमाता को राष्ट्र माता, राज्य माता का सम्मान मिले इसके लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। सवा-साल यह गौ सम्मान अभियान चलेगा। यदि सरकार नहीं मानी तो संत आमरण अनशन करके गौ माता के लिए प्राण त्याग देंगे, पैरा नहीं जलाना चाहिए, गौ पालन करना चाहिए। भगवान शिव का जो भजन-कीर्तन-चिंतन-पूजन करता है भगवान उनकी मनोकामना त्वरित पूर्ण कर देते हैं। तीर्थराज प्रयाग में श्रीशिव महापुराण की कथा चल रही है, जैसे भगवान सूर्य और चंद्रमा चमकते हैं वैसे ही तीर्थो में प्रयागराज चमकते हैं।

वहीं बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा में सवा लाख शिवलिंग का मंदिर बन रहा है, जिसमें 5100 रुपए देकर पति-पत्नी अपने नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। प्रातः काल से यज्ञ भगवान की पूजा होती है जो लगभग 1 एक बजे तक चलती है और 1 एक बजे से कथा मंच प्रारंभ हो जाएगा जो हरि इच्छा तक चलेगा।

## दामापुर में कार्यकारिणी का विस्तार बैठक आयोजित



**इंदौरी। कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर भाई एवं जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के निर्देशानुसार शुक्रवार को दामापुर मण्डल मे कार्यकारिणी का विस्तार मण्डल अध्यक्ष दामापुर प्रमोद पात्रे के नेतृत्व मे किया गया। जिसमे कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए, इस कार्यकारिणी विस्तार मे प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर, मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पात्रे, जिला महामंत्री शिव कुमार चौहान, प्रशांत खांडे, हेमू साहू, राजेश बंजारे, भरत साहू, होरीलाल सिंगरौल, अंशु साहू, मनीष साहू, ओमकार साहू, परमेश्वर सोनवानी, सेलेश दिवाकर, राधे घृतलहरे, राजेश भास्कर, शिव प्रसाद, सतखोजन सोनवानी, परमानन्द साहू, शेखर रात्रे, रंजीत सिंगरौल, सूरज अनंत, गोविन्द भास्कर, योगेश भास्कर, सुरेश तिवारी, धनंजय कुर्रे, हलधर सिंह, लखन सिंगरौल, द्वारिका प्रसाद, राजेंद्र चंद्रवंशी, सरजू साहू, जागेश्वर सिंगरौल उपस्थित थें।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गौ सेवकों ने बचाई बीमार बंदर की जान

**नांदघाट।** जीव सेवा को ही परमो धर्म मानने वाले स्थानीय गौ सेवकों ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। शनिवार को सूचना मिलते ही एक बीमार और तड़पते हुए बंदर का रेस्क्यू कर उसे नया जीवन दिया गया।एक बंदर पेड़ के नीचे कांप रहा है और कराह रहा है। सूचना पर मनीष शुक्ला और साथी पहुंचे तथा उसको लाकर दवाई खाना उपलब्ध कराया। उपचार के बाद ठीक होने पर वानरराज एक दो दिन में पुनः छोड़ दिए जाएंगे। ज्ञात हो कि घायल गौवंश की चिकित्सा के साथ साथ अन्य जीव जंतुओं को मनीष शुक्ला विवेक शुक्ला रोहित निषाद गगन गोस्वामी सुरेंद्र वर्मा सोमनाथ विश्वकर्मा मयंक शुक्ला बाली वर्मा सत्रुहन बारले राजेंद्र नवरंग नवलेश सूरज. काका और साथी मिलकर लंबे समय से बेजुबानों की सहायता करते आ रहे हैं। सूचना पर अब तक सैकड़ों विशैले सर्पों को भी लोगों से बचाकर निर्जन स्थान पर सुरक्षित छोड़ने में सफल रहे हैं।

### पुलिस महानिरीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण

**कवर्धा।** बालाजी राव, पुलिस महानिरीक्षक (राजनांदगांव रेंज) द्वारा कबीरधाम जिले का वार्षिक निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस दौरान धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। निरीक्षण की शुरुआत पुलिस लाइन कवर्धा में पारंपरिक भव्य परेड से हुई, जहां जवानों ने आईजी को सलामी दी। परेड निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट और अनुशासन प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात आईजी द्वारा शस्त्रों, वाहनों एवं अन्य संसाधनों का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में नव-निर्मित महिला बैरक का उद्घाटन भी किया गया। साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद आयोजित पारंपरिक दरबार में पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिनके त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपने संबोधन में आईजी बालाजी राव ने कहा कि पुलिस वर्दी अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का प्रतीक है। उन्होंने जवानों को कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए वर्दी की गरिमा बनाए रखने तथा परिवार और सेवा के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।


सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में



जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.


पर्व : मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर दी मुबारकबाद, ईदगाह में अता हुई विशेष नमाज

# जिले में भाईचारे के साथ मनाई गई ईद अमन चैन व देश की तरक्की की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिलेभर में मुस्लिम समाज का प्रमुख त्योहार ईद-उल-फितर शनिवार पूरे उत्साह, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही त्योहार का उल्लास देखने को मिला। नए-नए आकर्षक परिधानों में सजे छोटे-बड़े, बच्चे और बुजुर्ग जुलूस में शामिल हुए और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

एक माह तक इबादत, संयम और आत्मशुद्धि के प्रतीक माहे रमजान के पवित्र महीने में 30 रोजे (उपवास ) पूरे करने के बाद समापन पर मुस्लिम समाज ने सुबह करीब 9 बजे रेस्ट हाउस रोड स्थित ईदगाह में विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान अन्य समुदाय के लोग भी ईदगाह पहुंचे और आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व शहर की जामा मस्जिद में मुस्लिम समाज एकत्रित हुआ, जहां से जुलूस के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मोहभट्टा रोड स्थित ईदगाह पहुंचे। यहां पेश इमाम ने विशेष नमाज अदा कराई और देश-दुनिया में अमन, शांति तथा भारत की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की।





### नमाज के बाद अदा किया अल्लाह का शुक्र

ईद की नमाज सादगी और श्रद्धा के साथ अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया। नमाज के पश्चात सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और देश की सलामती, तरक्की तथा आपसी सद्भाव बनाए रखने की कामना की। इसके बाद जुलूस पुनः बाजारपारा स्थित जामा मस्जिद पहुंचा, जहां परचम कुशाई और सलातो-सलाम पेश किया गया।

### मीठी सेवई और व्यंजनों की महक से महका हर घर


ईद के मौके पर घर-घर में खुशियों का माहौल रहा। मुस्लिम समाज के घरों में मीठी सेवई, सिरमाल, छोले-भटूरे सहित विभिन्न लजीज व्यंजन बनाए गए। गृहणियों ने रातभर जागकर पकवान तैयार किए। रिश्तेदारों, मित्रों और अन्य समुदाय के लोगों ने भी एक-दूसरे के घर पहुंचकर सेवई और व्यंजनों का आनंद लिया। दिनभर जिलेभर में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर ईद की बधाई दी और प्रेम, सद्भाव व एकता का संदेश दिया।

### शहर से गांव तक दिखा उत्सव का माहौल

जिले के सभी प्रमुख क्षेत्रों में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के अलावा नवागढ़, साजा, बेरला, थानखम्हरिया, परपोड़ी, देवकर, नांदघाट, मारो, दाढ़ी सहित कई नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष नमाज अता की गई। ग्रामीण अंचलों में भी लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी और अमन-शांति की दुआ की।

### थान खम्हरिया में हर्षोल्लास से मना ईद

**थान खम्हरिया।** रमजान माह के समापन के बाद नगर में ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही शांत, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। सुबह लगभग 8:30 बजे स्थानीय ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के पश्चात हाफिज सैयद मुसीर रजा खान ने देश में अमन, शांति और भाईचारे की कामना करते हुए दुआएं मांगीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस्लाम खुश रहने और दूसरों को खुश रखने का संदेश देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि खुशी के अवसर पर जरूरतमंदों की मदद करें और समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखें। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके साथ ही घर-घर में पारंपरिक व्यंजन जैसे सेवईं और शीरखुर्मा का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। ईद के मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्हें बड़ों से ईदी (उपहार) मिलने पर उनकी खुशियां दोगुनी हो गईं। वहीं बाजारों में भी त्योहार की पूर्व संध्या पर काफी रौनक रही, जहां लोगों ने कपड़े, सेवईं और अन्य जरूरी सामान की जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर हिंदू समुदाय के लोगों ने भी प्रत्यक्ष ओर सोशल मीडिया के माध्यम से मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दीं, जिससे आपसी भाईचारा और मजबूत हुआ। थान खम्हरिया में ईद का त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।





## नवागढ़ में भाईचारे के साथ मनाया ईद-उल-फितर

**नवागढ़।** पवित्र रमजान माह की पूर्णता के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार नवागढ़ नगर में हर्ष, उल्लास और गहरी आस्था के साथ मनाया गया। पूरे एक माह तक रोज़ा, नमाज़, तरावीह और इबादत में लीन रहने के बाद मुस्लिम समाज ने ईद का चांद दिखाई देने पर खुशियों के साथ इस पर्व का स्वागत किया। ईद ने जहां इबादत की तपस्या को पूर्ण किया, वहीं समाज में प्रेम, त्याग और भाईचारे का संदेश भी प्रबल किया। सुबह से ही नगर के सुन्नी मस्जिद में नमाज़ अदा करने के लिए अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। "अल्लाहु अकबर" की गूंज और "ईद मुबारक" की शुभकामनाओं के बीच पूरा वातावरण आध्यात्मिक और उत्सवी रंग में रंग गया।

ईद की नमाज़ इमाम सलमान रज़ा के नेतृत्व में अदा की गई। अपने खुत्बे में उन्होंने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना आत्मसंयम, सब्र, इंसानियत और दान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील की कि रमजान की सीख को पूरे वर्ष अपने जीवन में उतारें और समाज में शांति व सौहार्द बनाए रखें। इस दौरान मुतवल्ली सज्जाग मोहम्मद हीरू एवं नायब पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संपूर्ण व्यवस्था सुचारू रही। नमाज़ के पश्चात सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम व भाईचारे का परिचय दिया।

### घर-घर बिखरी सेवइयों की मिठास

ईद के अवसर पर घर-घर में सेवइयों, खीर और विभिन्न पकवानों की मिठास ने त्योहार की खुशियों को और बढ़ा दिया। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, जो नए परिधानों में सजे-धजे ईदी पाकर प्रसन्न नजर आए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नायब सदर इस्माइल खान, हाजी उस्मान खान, हनीफ खान, रशीद खान, जलील खान, वाजिद बेग, महबूब खान, रफीक खान, वसीम खान, शखावत अली, सद्दाम खान, गुलाम मुस्तफा, जिब्राइल खान, जमील खान, लतीफ खान, यासिम खान, यूनुस खान, शरीफ बेग, अब्दुल रहमान, रफीक कुरैशी, मुजिबुल रहमान, हमीद बेग, नावेद खान, कयूम खान, मोहम्मद शफीक, जियाउल खान, जुबेर खान, जुनैद खान, मोहसिन खान, फिरोज खान, कादर खान, शोएब खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया ज्योति जवारा दर्शन, आशीष छाबड़ा भी रहे साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने पूर्व विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा में धार्मिक आस्था का परिचय देते हुए विभिन्न ग्रामों में ज्योति जवारा दर्शन कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी मौजूद रहे। पूर्व गृहमंत्री साहू ने ग्राम खमरिया एम पहुंचकर विधि-विधान से ज्योति जवारा का दर्शन किया। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम सल्धा तथा ग्राम सण्डी स्थित सिद्धि माता मंदिर में भी पहुंचकर माता के दर्शन किए और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने पूर्व गृहमंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास एवं धार्मिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। गौरतलब है कि ताम्रध्वज साहू की इस मंदिर से आस्था लंबे समय से जुड़ी रही है। वे अपने विधायक काल से ही प्रत्येक नवरात्र पर्व पर यहां पहुंचकर माता का आशीर्वाद लेते रहे हैं। इसी तरह पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी समय-समय पर मंदिर पहुंचकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते रहे हैं। मंदिर क्षेत्र के विकास में भी दोनों नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस शासनकाल में मंदिर तक पहुंच मार्ग का निर्माण एवं चौड़ीकरण कराया गया, जिससे नवरात्रि के दौरान बढ़ती भीड़ को सुगमता मिल सके। पूर्व मंत्री के रूप में ताम्रध्वज साहू ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से क्षेत्र में विकास कार्य कराए, वहीं आशीष छाबड़ा ने अपने विधायक निधि सहित अन्य मदों से भी मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़, हरीश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य टीआर साहू, छगन साहू, तारण निर्मलकर सहित मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### माता बगदई मंदिर में जले 61 ज्योति

**नांदघाट।** समीपस्थ मगरघटा में जन आस्था केंद्र माता बगदई के प्रांगण में इस वर्ष 61 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना हुई है। तथा मंदिर प्रांगण में पूरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य पुज्य स्वामीनिश्चलानंद सरस्वती के कृपा पात्र शिष्य एवं प्रख्यात भगवताचार्य श्री बलदेव प्रसाद शास्त्री जी के सुपुत्र आचार्य राम सखा शास्त्री जी (झीरिया बेमेतरा) के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कियाजा रहा है। मंदिर के भूखन साहु ने बताया कि नवरात्री में माता के दर्शनार्थ बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पधार रहे हैं।




आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर


### रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन


**कवर्धा।** जिला साहू संघ के तत्वाधान में नर्मदा धाम जुनवानी, कबीरधाम में आयोजित रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के वातावरण में निरंतर जारी है। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर रुद्र महायज्ञ में भाग ले रहे हैं तथा शिव महापुराण कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में 22 मार्च, रविवार को दोपहर 1:00 बजे छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन प्रस्तावित है।

## विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर 288 बच्चों की हुई दंत जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष मुख स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। "स्वस्थ मुंह, खुशहाल जीवन" थीम पर आयोजित इस अभियान के तहत कुल 288 बच्चों का मुख स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें सही तरीके से ब्रश करने तथा दांतों की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। यह शिविर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड 11, वार्ड 21, शंकुल केंद्र पीकरी बेमेतरा एवं आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 18 में आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों को मौखिक स्वच्छता के महत्व और दैनिक जीवन में इसके पालन के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।

शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा की दंत चिकित्सक डॉ. विजया रमन एवं डेंटल असिस्टेंट राजेश शर्मा ने बच्चों व शिक्षकों को मुख स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही मुख कैंसर



की प्रारंभिक पहचान और उससे बचाव के उपायों को लेकर भी जागरूक किया गया। सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने बताया कि विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और दांतों की बीमारियों से बचाव के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान वर्ष 2013 में शुरू हुआ था, जो "स्वस्थ मुँह, स्वस्थ शरीर" का संदेश देता है। वहीं सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने कहा कि यह आयोजन मुख रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्षभर चलने वाले अभियान की शुरुआत है। उन्होंने लोगों से हर 6 माह में दंत जांच कराने और तंबाकू से दूर रहने की अपील की।


online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371